# <u>न्यायालय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम- किशनगंज</u>

**ST No.-133/2026**
**CIS-133/2026**

16.07.2026 एकमात्र काराधीन अभियुक्त कैसर आलम को C/W के साथ कारा किशनगंज से प्रस्तुत किया गया। साक्षी अनुपस्थित है।

बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ता द्वारा एक आवेदन दाखिल कर निवेदन किया गया कि यह वाद किशनगंज थाना कांड संख्या 485/2024 का पूरक अभिलेख है एवं अभिलेख साक्ष्य हेतु लंबित है। वाद में एक भी साक्ष्य नहीं हुआ है। किशनगंज थाना कांड संख्या 485/2024 का मूल अभिलेख ST-357/2025 है एवं साक्ष्य हेतु लंबित है। उक्त दोनों वादों में एक भी साक्षी का साक्ष्य नहीं हुआ है। अतः इस वाद को ST-357/2025 के अभिलेख में समायोजित करने की कृपा की जाये। आवेदन पर सुना अभिलेख अवलोकन किया अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि यह वाद किशनगंज थाना कांड संख्या 485/2024 का पूरक अभिलेख है। किशनगंज थाना कांड संख्या 485/2024 का मूल अभिलेख ST-357/2025 है एवं साक्ष्य हेतु लंबित है। उक्त दोनों वादों में एक भी साक्षी का साक्ष्य नहीं हुआ है। अतः इस वाद को ST-357/2025 के अभिलेख में समायोजित किया जाता है। अब इस वाद के अभियुक्त कैसर आलम की कार्यवाही ST-357/2025 में चलेगी। कार्यालय अभिलेख को ST-357/2025 के अभिलेख के साथ संलग्न करें।

काराधीन अभियुक्त कैसर आलम को C/W के साथ कारा किशनगंज प्रेषित गया।

लेखापित

Sd./-

DASJ-I